अमर उजाला Date 06/02/2020

नए नीबी में निरीक्षण करतीं एसडीएम।

अव्यवस्था देख करघना एसडीएम ने जताई नाराजगी

अंतर्गत
थमिक
टर का
ईएएस
या।
ने पर
ई और
टर में
लेस के

कंस्ट्रक्शन का कार्य देखा। इस दौरान एसडीएम ने कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अधीक्षक डा. हेमंत सिंह ने बताया कि एसडीएम ने नीबी ग्राम सभा के एनम सेंटर का निरीक्षण किया। जरूरी निर्देश दिए हैं।

नैनी (संवाद)। क्षेत्र के दूरवाणी नगर, एडीए कालोनी स्थित श्रीमती डी. सिंह सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज अंग्रेजी माध्यम का वार्षिक खेल दिवस का दूसरे दिन बुधवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर बालीबाल, खो खो, फुटबाल, क्रिकेट व फ्राग रेस का आयोजन किया गया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में आजाद टीम को हराकर रानी लक्ष्मी बाई टीम के खिलाड़ियों शुभम राय, हर्षित दुबे, अंशुमन, शवशंकर, हर्ष व सैफ की टीम ने जीत दर्ज की। खो-खो प्रतियोगिता में भगत सिंह की टीम ने रानी लक्ष्मी बाई की टीम को हराया। विजेता टीम में माधुरी, मुस्कान, अलका, आकांक्षा, तृषा, अनम व सावित्री थीं। क्रिकेट प्रतियोगिता में चंद्रशेखर आजाद टीम को हराकर रानी लक्ष्मी बाई की टीम ने विजय हासिल की। जिसमें अमन, अंशुमान, शिवशंकर, शुभम, सैफ व कैफ आदि शामिल थे। फुटबाल प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मी बाई की टीम ने भगत सिंह को हराया। जिसमें अमुन, प्रहलाद आदि रहे।

साक्षात्कार 11 को: नैनी(संवाद)। क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 11 फरवरी को बैकमेट इंडिया लिमिटेड छाता, मथुरा की ओर से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आईटीआई वर्ष 2017, 18 और 19 के उत्तीर्ण समस्त एक एवं दो वर्षीय छात्र सम्मिलित हो सकते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय सी.ओ.डी. छिवकी (उ.प्र.)

छिवकी, जिला-प्रयागराज (उ.प्र.)-212105

आवश्यकता (संविदा के आधार पर)

Walk in Interview

केन्द्रीय विद्यालय सी.ओ.डी. छिवकी, प्रयागराज में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली के नियमानुसार कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर, क्रीडा प्रशिक्षक, योग प्रशिक्षक, प्राइमरी शिक्षक, स्नातक शिक्षक और स्नातकोत्तर शिक्षक के पद पर अनुबंध के आधार पर अंशकालीन नियुक्ति एवं पैनल हेतु सत्र 2020-21 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, इच्छुक अभ्यर्थी केन्द्रीय विद्यालय सी.ओ.डी. छिवकी की वेबसाइट से फार्म डाउनलोड कर दिनांक 14.02.2020 समय 2:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छाया प्रति के साथ विज्ञप्ति के अनुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार के लिए विद्यालय में उपस्थित हों। जो अभ्यर्थी दिनांक 14.02.2020 तक पंजीकृत होंगे केवल उन्हीं का साक्षात्कार होगा। विस्तृत विज्ञप्ति विद्यालय की वेबसाइट https://chheoki.kvs.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं।

क्र.सं.-43029/2019-20/के.वि.छिवकी/323
दिनांक : 05.02.2020

(विनय कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेल प्रशासन द्वारा आधारभूत संरचना एवं अनुरक्षण कार्यों के दृष्टिगत विभिन्न

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

विज्ञप्ति

चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत विभिन्न विशिष्टताओं के सहायक आचार्य के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु आयोग के विज्ञापन संख्या-1/2019-20, दिनांक 26.08.2019 में प्रकाशित कराए गये कतिपय विषयों के साक्षात्कार निम्नवत् निर्धारित किए गए हैं:-

1-सहायक आचार्य-प्लास्टिक सर्जरी, विभाग सं.-8/29
साक्षात्कार तिथि-12 फरवरी, 2020 पूर्वान्ह-9.00 बजे

अभ्यर्थियों के लिए व्यक्तिशः निर्धारित साक्षात्कार तिथि/समय की जानकारी हेतु साक्षात्कार ज्ञाप आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। अभ्यर्थीगण इसके लिए निर्धारित साक्षात्कार तिथि को 1-साक्षात्कार ज्ञाप, 2-आवेदन पत्र, 3-देशना पत्रक, 4-प्रमाणीकरण प्रपत्र, 5-विभिन्न परीक्षाओं के प्राप्तांक प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड कर/मुद्रित कर, उन्हें पूर्णतः भरकर तथा उसके साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों, प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित दो-दो प्रतियाँ अलग-अलग सेट में तैयार कर, राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित फोटो की दो प्रति तथा दो आवश्यक तक की अप्रमाणित फोटो सहित नियत समय पर आयोग कार्यालय के यमुना भवन में पहुँचना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार के समय शैक्षिक अर्हताओं से सम्बन्धित समस्त प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियाँ भी अपने साथ अवश्य लायें। अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय प्रश्नगत विज्ञापन में विहित अनिवार्य अर्हता के भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता प्राप्त (रिकग्नाईज्ड) होने विषयक सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की मूल एवं छायाप्रति भी साथ लायें। अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि उनके द्वारा भरे गये आन लाइन आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों एवं दावे की पुष्टि उनकी अंकतालिका एवं प्रमाण पत्रादि से होना चाहिए अन्यथा उनका साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा और उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। साक्षात्कार ज्ञाप में अंकित अभ्यर्थियों के लिए नियत साक्षात्कार दिवस को नियत समय पर न पहुँचने की दशा में उनका साक्षात्कार संभव नहीं होगा।

2-उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय